भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

सं.: ई सी आई/प्रे.नो./10/2016 **दिनांक: 24/01/2016**

<u>प्रेस नोट</u>

25 जनवरी (सोमवार), 2016 को नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन

भारत निर्वाचन आयोग देशभर में 25 जनवरी को छठे राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एन वी डी) का आयोजन कर रहा है। छठे मतदाता दिवस की विषयवस्तु 'समावेशी और गुणात्मक सहभागिता' है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का राष्ट्रीय समारोह नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा और इसकी अध्यक्षता भारत के माननीय राष्ट्रपति, श्री प्रणव मुखर्जी द्वारा की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त, डा. नसीम ज़ैदी 'बिलीफ इन द बैटल' नामक शीर्षक से एक पुस्तक जारी करेंगे और इसकी पहली प्रति माननीय राष्ट्रपति जी को उपहार स्वरूप देंगे।

मुख्य अतिथि, सर्वोत्तम निर्वाचकीय पद्धतियों के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, और निर्वाचन प्रबंधन से सम्बद्ध अधिकारियों को पुरस्कार देंगे। मीडिया हाउसेज और सिविल सोसाइटी संगठनों को मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिए भी सर्वोत्तम अभियान के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे।

निर्वाचक सहभागिता बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के प्रयासों में सरकारी विभागों/एजेंसियों के योगदान की पहचान करने के लिए इस वर्ष एक नए पुरस्कार की शुरूआत की गई है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा छह नए पात्र निर्वाचकों को भी उनके निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदान किए जाएंगे।

25 जनवरी को आयोग का स्थापना दिवस भी है, आयोग वर्ष 1950 को इसी दिन अस्तित्व में आया था। एन वी डी के माध्यम से आयोग का उद्देश्य मतदाताओं के विशेषतः नए पात्र मतदाताओं के पंजीकरण को बढ़ाना है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उपयोग निर्वाचन प्रक्रिया में प्रभावी सहभागिता के संबंध में मतदाताओं के मध्य जागरूकता फैलाना है। देश भर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह सभी मतदान केन्द्रों में आयोजित किया जाएगा। संबंधित राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा राज्य स्तर पर समारोह आयोजित किए जाएंगे।

एन वी डी राष्ट्रीय समारोह के आयोजन के पश्चात आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) कैंपस के निर्माण का सेक्टर-22 द्वारका, नई दिल्ली में उद्घाटन किया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजपथ, नई दिल्ली में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ‘समावेशी और गुणात्मक सहभागिता ’ विषय पर एक झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी।

(धीरेन्द्र ओझा)
निदेशक

पुरस्कार विजेताओं की सूची संलग्न है।

सर्वोत्तम निर्वाचन पद्धति पुरस्कार (पट्टिका और प्रशस्ति पत्र ; रु. 50,000/- का नकद पुरस्कार)

1. राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 में जिले में महिला टर्नआउट बढ़ाने के लिए समावेशी महिला सहभागिता के लिए अभिनव उपायों की श्रृंखला के लिए **श्री संजय कुमार अग्रवाल**, जिला निर्वाचन अधिकारी गया, बिहार को नवोन्मेषण हेतु सर्वोत्तम निर्वाचन पद्धति पुरस्कार।
2. **मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता** के लिए सर्वोत्तम निर्वाचन पद्धति पुरस्कार संयुक्त रुप से निम्न को दिया गया
   क. **श्री लोकेश कुमार सिंह,** जिला निर्वाचन अधिकारी, पश्चिम चम्पारन, बिहार को मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता पर सतत अभियान के लिए जिसके कारण राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 में जिले में रिकार्ड वोटर रिकार्ड हुआ।
   ख. **श्री अबुबकर सिद्दिकी**, जिला निर्वाचन अधिकारी, पश्चिम सिंहभूम, झारखण्ड को मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता के लिए सतत अभियान हेतु जिसके कारण राज्य विधान सभा निर्वाचन <u>2014</u> में जिले में रिकार्ड वोटर टर्नआउट सुनिश्चित हो सका।
3. **श्री मनु महाराज** , एस एस पी, गया, बिहार को **सुरक्षा प्रबंधन** के लिए सर्वोत्तम निर्वाचकीय पद्धति पुरस्कार। यह पुरस्कार इन्हें विस्तृत सुरक्षा प्रबंधन तथा निर्वाचकों में विश्वास का निर्माण करने के लिए किए गए उपायों हेतु प्रदान किया गया। इनके परिणामस्वरूप राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 के दौरान जिले में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई।
4. मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्यक्रम कार्यान्वित करने के अतिरिक्त शारीरिक रूप से निःशक्त व्यक्तियों के पंजीकरण तथा नामावली पर प्रभावशाली निर्वाचकीय नामावली प्रबंधन और सुधारात्मक महिला-पुरुष अनुपात हेतु **निर्वाचकीय नामावली प्रबंधन** के लिए **सुश्री अंतरा अचार्या** को सर्वोत्तम निर्वाचन पद्धति पुरस्कार।

<u>विशेष पुरस्कार</u> (पट्टिका और प्रशस्ति-पत्र; रु. 40,000/-)

5. राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 में जिले में निर्वाचन प्रबंधन जैसे वाहन प्रकोष्ठ प्रबंधन, मतदान कार्मिक के लिए डाक मत पत्र की सुविधा और अन्य पहल, के लिए नवोन्मेषी उपायों हेतु अभिनवता के लिए **श्री बालामुरुगन डी** , जिला निर्वाचन अधिकारी, पूर्णियां, बिहार को विशेष पुरस्कार।
6. **मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता** के लिए संयुक्त रुप से निम्न को विशेष पुरस्कार दिया गया-
   क. **श्री शेखर चान्ने,** जिला निर्वाचन अधिकारी, मुम्बई उप नगरीय
   ख. **श्री शिरिश मोहोद** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, महाराष्ट्र

उपर्युक्त को मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता के लिए प्रभावी भागीदारियां स्थापित करने के माध्यम से लोगों विशेषकर उपेक्षित वर्गों की सहभागिता के लिए निरन्तर अभियान चलाने हेतु प्रदान किया गया।

7. राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 में निषिद्ध व्यक्तियों के आवागमन को रोकने, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए, विस्तृत **सुरक्षा प्रबंधन** के लिए **श्री शरत कुमार सिन्हा,** डीसीपी दिल्ली को सुरक्षा प्रबंधन हेतु विशेष पुरस्कार।

राज्यों को श्रेष्ठता के लिए पुरस्कार (पट्टिका एवं प्रशस्ति-पत्र)

8. राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 के दौरान मतदाता टर्नआउट में वृद्धि परिणामतः मतदाता जागरूकता, नामावलियों के परिशोधन, सुरक्षा प्रबंधन, शिकायत निवारण और मतदाता सुविधा के लिए प्रौद्योगिकी के कुशल उपयोग में कई प्रकार के नवोन्मेषी उपायों के लिए राज्यों के लिए उत्कृष्टता का पुरस्कार **बिहार** को। बिहार द्वारा किए गए इन उपायों के परिणामस्वरुप राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 के दौरान मतदाता टर्नआउट में बढ़ोतरी हुई। यह पुरस्कार **श्री अजय नायक,** मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ग्रहण किया जा रहा है।

9. निर्वाचन प्रबंधन तथा मतदाता सुविधा के लिए प्रोद्योगिकी के प्रयोग में कई प्रकार के नवोन्मेषी उपायों के लिए राज्यों के लिए उत्कृष्टता का पुरस्कार **तमिलनाडु** को।यह पुरस्कार **श्री राजेश लाखोनी,** मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ग्रहण किया जा रहा है।

10. राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 के दौरान हुई वृद्धि में निःशक्त व्यक्तियों के लिए सुविधाएं सुलभ कराने, नामावलियों के परिशोधन, मतदाता सुविधा और मतदाता शिक्षा के लिए कई प्रकार के नवोन्मेषी उपायों के लिए राज्यों के लिए उत्कृष्टता का पुरस्कार **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली को** । इन उपायों के परिणामस्वरूप राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 के दौरान। यह पुरस्कार **श्री चन्द्र भूषण कुमार** , मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा ग्रहण किया जा रहा है।

निर्वाचक सहभागिता बढ़ाने के लिए सरकारी विभाग/एजेन्सी को राष्ट्रीय पुरस्कार (फलक एवं प्रशस्ति-पत्र)

11. राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में निर्वाचकीय जानकारी का प्रचार-प्रसार करने के लिए **जीविका, बिहार** को निर्वाचकीय सहभागिता बढ़ाने हेतु सरकारी विभाग/एजेन्सी का राष्ट्रीय

पुरस्कार। यह पुरस्कार **श्री अरविंद कुमार चौधरी** , सचिव, ग्रामीण विकास, बिहार सरकार द्वारा ग्रहण किया जा रहा है।

12. दिल्ली में राज्य विधान सभा निर्वाचन, 2015 के दौरान डाक मतपत्रों के संग्रहण के लिए चौबीसों घंटे सुविधा उपलब्ध कराने हेतु डाक विभाग, दिल्ली को निर्वाचकीय सहभागिता बढ़ाने के लिए सरकारी विभाग/एजेंसी का राष्ट्रीय पुरस्कार। यह पुरस्कार **श्री वसु मित्र**, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल द्वारा ग्रहण किया जा रहा है।

13. विभिन्न प्रकार के कार्यकलापों और पहल के माध्यम से स्कूली बच्चों और कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच निर्वाचकीय एवं लोकतंत्रगत जानकारी का प्रचार-प्रसार करने के लिए **शिक्षा विभाग, गुजरात** को निर्वाचकीय सहभागिता बढ़ाने के लिए सरकारी विभाग/एजेन्सी को राष्ट्रीय पुरस्कार। यह पुरस्कार **श्री अनीश मांकड़** , आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, गुजरात सरकार द्वारा ग्रहण किया जा रहा है।

<u>राष्ट्रीय सीएसओ पुरस्कार (फलक एवं प्रशस्ति-पत्र)</u>

14. मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता पर निर्वाचकीय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यकलापों के माध्यम से जागरूकता फैलाने हेतु **यंग मिजो एसोशिएसन, मिजोरम** को। यह पुरस्कार वाईएमए के **श्री लालवियाकजुआला एवं श्री लालमछुआनियन** द्वारा ग्रहण किया जा रहा है।

<u>राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार (फलक एवं प्रशस्ति-पत्र)</u>

15. बिहार राज्य विधान सभा निर्वाचन 2015 के दौरान निर्वाचकीय सहभागिता बढ़ाने हेतु मीडिया अभियान के लिए **हिन्दुस्तान मीडिया वैन्चर्स लिमिटेड (** हिन्दुस्तान समाचारपत्र, बिहार संस्करण) को **मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता पर सर्वोत्तम अभियान** के लिए राष्ट्रीय मीडिया पुरस्कार (प्रिन्ट मीडिया श्रेणी)। यह पुरस्कार **डॉ. त्रिविजय सिंह,** वरिष्ठ संपादक और **श्री संजय सिन्हा,** बिजनेस प्रमुख द्वारा ग्रहण किया जा रहा है।